डॉ. एस.एस. यादव
अधिष्ठाता

कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर)
नौगावां, अलवर–301025 (राजस्थान)
ई–मेलः dean.coanavgaon@sknau.ac.in
मोबाईल नं.:9414820579

क्रमांकः एफ.(प्रक्षेत्र भंडार) / कृ.महावि.नौगावां / 2024 / 1217 दिनांकः **28.09.2024**

इजारे (लीज) पर खेती हेतु खुली बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, नौगावां के मानकी ग्राम स्थित प्रक्षेत्र पर रबी 2024–25 के दौरान 15 बीघा क्षेत्रफल में इजारे पर खेती के लिए खुली बोली का आयोजन दिनांकः **01 अक्टूबर, 2024 को सुबह 11.30 बजे** महाविद्यालय कार्यालय में किया जायेगा। इच्छुक बोली दाता महाविद्यालय प्रक्षेत्र का निरीक्षण बोली लगाने से पूर्व कर सकते है। बोली लगाने हेतु 2500 रूपये की धरोहर राशि नगद जमा करानी होगी।

नियम एवं शर्तेः–

1. बोली लगाने का हकदार वही व्यक्ति होगा जो कि धरोहर राशि जमा करायेगा।
2. **अन्तिम बोली दाता को समिति द्वारा छोडी गई अन्तिम रकम की आधी राशि का भुगतान तुरन्त प्रभाव से जमा कराना होगा एवं शेष राशि का भुगतान फसल कटाई से पूर्व करना होगा अन्यथा फसल कटाई नहीं करने दी जायेगी।**
3. सफल बोलीदाता को छोड़कर अन्य बोलीदाताओं की धरोहर राशि बोली समाप्ति पर वापस कर दी जायेगी।
4. सफल बोलीदाता की धरोहर राशि कार्य समाप्ति के बाद ही वापस की जायेगी।
5. इजारे पर खेती के लिए जमीन केवल रबी 2024–25 के लिए ही दी जायेगी।
6. खेती के लिए आवश्यक आदान जैसे– बीज, खाद, दवाईयाँ इत्यादि, जुताई हेतु ट्रेक्टर, मजदूर आदि सब–कुछ स्वयं अपने स्तर पर स्वयं के खर्चे से जुटाने होंगे। महाविद्यालय से किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी जायेगी।
7. महाविद्यालय प्रक्षेत्र पर सिंचाई का कोई भी श्रोत नहीं है अतः बोलीदाता को स्वयं के स्तर पर सिंचाई जल का प्रबंध करना होगा।
8. फसलों सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सफल बोलीदाता की स्वयं की होगी।
9. सफल बोलीदाता का अगर किसी के साथ कोई भी विवाद होता है तो उसका निपटारा उसे स्वयं करना होगा।
10. अन्तिम बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

28/09/24
अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक / निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त निविदा सूचना को विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
3. संयोजक एवं समस्त सदस्य, निविदा एवं क्रय समिति, कृषि महाविद्यालय, नौगावां।
4. सूचना–पट्ट पंचायत समिति / तहसील कार्यालय / ग्राम पंचायत, नौगावां, चौमा, बीजवा, मोहम्मदपुर।
5. रक्षित पत्रावली।

28/09/24
अधिष्ठाता